(b) whether Government are aware that the annual report of that organisation has printed a map of India without Kashmir; and

(c) if so, what steps Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) No, Sir. There was no blanket ban on the entry into India of Members of the Amnesty International. However, the Indian Missions abroad were not empowered to grant visas to them and their applications were to be forwarded to the Ministry of Home Affairs by the Missions which were to be considered on merits. Now powers have been delegated to the Indian Missions to grant visas to the members of Amnesty International for private visits and also for normal dialogue with Government. In all other cases, the applications are to be referred to the Ministry of Home Affairs for consideration.

(b) The 1990 report of the Amnesty International carries a small map of India which incorrectly depicts the International border between India and Pakistan.

(c) The matter is being taken up with the Amnesty International.

Persons killed in Cross-Firing in J&K

3368. SHRI JAGMOHAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state the names of the persons killed in cross-firing in the State of Jammu and Kashmir, during the period 1st January, 1990 to 10th August, 1990?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): The inforamtion is awaited from the Government of Jammu and Kashmir.

Militants Killed on belt along Border in J&K

3369. SHRI JAGMOHAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state the names of militants/terrorists/infiltrators/border- crossers killed, date-wise, in the 5-KM belt along the border, by the Security Forces during the period 1st January, 1990 to 10th August, 1990?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): Information is awaited from Govt. of Jammu and Kashmir.

राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्गों की खराब स्थिति

3370. डा. ग्र सार अहमद खान : क्या ऊर्जा भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति बहुत खराब है, यदि नहीं तो क्या सरकार इसके कारणों और दोषी अधिकारियों का पता लगाने के लिए कोई जांच करायेगी;

(ख) राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले में होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के नाम क्या हैं और क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इस जिले से किसी नये राष्ट्रीय राजमार्ग के निकाले जाने की संभावना है; और

(ग) सवाईमाधोपुर जिले में चम्बल और बनास नदी पर बनाये जा रहे पुलों के कब तक तैयार हो जाने की संभावना है और क्या इन पुलों के पूरा हो जाने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले एक नये राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जायेगा, यदि हां, तो कब तक और इन दोनों पुलों के निर्माण में होने वाले विलम्ब के क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री के० पी० उन्नीकृष्णन) : (क) राजस्थान में से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग सामान्यत: यातायात लायक हालत में हैं और नियमित रुप से उनका रख-रखाव किया जा रहा है ।

(ख) रा० रा० सं० 11 आगरा-जयपुर, सवाई माधोपुर जिले में से गुजरता है । चूंकि आठवीं पंचवर्षीय योजना को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है, इसलिये अभी नये राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा से संबंधित स्थिति नहीं बतलाई जा सकती ।

(ग) सवाई माधोपुर जिले में दोसा-सवाई माधोपुर राज्यीय राजमार्ग पर बनास नदी के पुल को यातायात के लिये पहले ही खोल दिया गया है । राज्यीय सड़कों के लिये आर्थिक और अन्तर्राज्यीय कार्यक्रम के अंतर्गत चम्बल नदी के पुल का कार्य प्रगति पर है और इसके 1992 के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है । नींव की समस्याओं के कारण इसमें विलम्ब हुआ है । जैसा कि बताया गया है, नये रा०रा० लिंक की घोषणा पारस्परिक प्राथमिकताओं पर और 8वीं योजना मे, जिसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, इस प्रयोजन के लिये निर्धारित परिव्यय पर निर्भर करेगी ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक

3371. **श्री सत्यप्रकाश मालवीय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में वर्तमान पुलिस महा-निदेशक इस पद पर कब से कार्यरत हैं;

(ख) वर्तमान तैनाती से पहले वे किस स्थान पर तैनात थे; और

(ग) क्या सरकार उनको किसी और स्थान पर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) पुलिस के वर्तमान महानिदेशक 21-4-1988 से पंजाब में इस पद पर कार्य कर रहे हैं ।

(ख) इस तैनाती से पूर्व वे पंजाब में अपर पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे ।

(ग) इस समय सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

फिजी में रहने वाले भारतीयों को निष्कासन की धमकी

3372. **श्री अमन्तराम जायसवाल** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि फिजी की सेना के जनरल श्री सितोबनी राबुका ने जुलाई, 1990 के मध्य के आस-पास फिजी में रहने वाले भारतीय मूल के 20,000 नागरिकों को जो उस देश में गन्ने की खेती में लगे हुए हैं उनकी जमीन से बेदखल करने की धमकी दी थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और क्या सरकार ने इस मामले मे कोई कार्यवाही की थी; यदि हां, तो की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है और उसका क्या परिणाम रहा ?

विदेश संराज्य में राज्य मंत्री (श्री हरि किशोर सिंह) : (क) जी, नहीं तथापि भारत सरकार को इस बात की जानकारी है कि जनरल राबुका ने इस तरह की धमकियां दी हैं कि भेदभावपूर्ण "मास्टर, शूगरकेन अवार्ड" के विरुद्ध अपना विरोध प्रकट करने के लिए भारतीय मूल के किसान गन्ने की फसल को काटने से इन्कार करते हैं तो वे इसके लिए सेना से काम लेंगे ।

(ख) 10 मई, 1990 को लोक सभा में अपने एक वक्तव्य में विदेश राज्य मंत्री ने फीजी की अन्तरिम सरकार की